कार्यक्रम | राहगीरी डे ने जगाई स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना, स्वच्छ कटनी का लिया गया संकल्प

# मनोरंजन के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत,कटनी।** रविवार की सुबह एक बार फिर उत्साह, ऊर्जा और जन जागरूकता के रंगों से सराबोर नजर आई, जब नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आयोजित 'राहगीरी डे' ने स्वच्छता और फिटनेस को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक नई प्रेरक पहल प्रस्तुत की। नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड प्रवेश द्वार से हाउसिंग बोर्ड मैदान तक आयोजित इस अभिनव कार्यक्रम में शहरवासियों ने खुले आसमान के नीचे स्वच्छता, स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता का अनूठा संगम देखा। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है। यही कारण रहा कि




'राहगीरी डे' में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, चिकित्सकों, उद्योगपतियों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना जगाई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योग एवं फिटनेस गतिविधियों से हुई, जहां लोगों ने स्वास्थ्य के प्रति सजगता का परिचय दिया। इसके बाद साइकिलिंग, जुंबा, स्केटिंग, रस्सा खींच, शतरंज, कैरम, पेंटिंग, रंगोली, सांप-सीढ़ी, पिट्ठू, बोरा दौड़, रस्सी कूद और चम्मच-नींबू दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों एवं मनोरंजक गतिविधियों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। तेज संगीत की धुनों पर आयोजित जुंबा सत्र ने युवाओं, महिलाओं सहित बुजुर्गों में विशेष उत्साह भर दिया तथा 'फिटनेस के साथ मेरा शहर-मेरी जिम्मेदारी' के संदेश के साथ स्वच्छ कटनी के संकल्प को नई ऊर्जा दी। राहगीरी डे का सबसे आकर्षक पहलू यह रहा कि यहां मनोरंजन के साथ स्वच्छता जागरूकता संदेशों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध एवं वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से जल संरक्षण जैसे विषयों पर आयोजित जागरूकता गतिविधियों ने नागरिकों को पर्यावरण,जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।वहीं इको ब्रिक्स एवं अनुपयोगी कपड़ों से तैयार थैलों के स्टॉल ने 'रीसायकल से सृजन' की सोच स्वच्छता और जनभागीदारी का बना प्रेरक मंच बनी। कार्यक्रम में गीतांजलि रस कला केंद्र के कलाकारों ने सांस्कृतिक रंग बिखेरे, जबकि कार्टून कैरेक्टर गोरिल्ला ने बच्चों और राहगीरों के आकर्षण का केंद्र बने। मैजिक एवं म्यूजिकल चेयर शो ने भी उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया। सभी आयोजनों में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राहगीरी डे के आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, आयुक्त तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, उमेंद्र ओमी अहिरवार, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शशिकांत तिवारी, लव साहू, गोविंद चावला, सीमा श्रीवास्तव, सीमा जैन सोगानी, नगर निगम ब्रांड एम्बेसडर, उपयुक्त शैलेश गुप्ता, नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की मौजूदगी रही।



## किसानों से 1 लाख 57 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदी

**किसानों को 159 करोड़ रूपए का किया गया भुगतान**

**नवभारत, कटनी।** जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 32 हजार 127 किसानों से 1 लाख 57 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीदी की गई है। किसानों को 159 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी किसानों को जल्द भुगतान करवाने के निर्देश दिए हैं। जिले में अब तक 41 हजार 75 किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की गई है। जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए गेहूं उपार्जन के मामले में तहसील ढीमरखेड़ा अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में 7708 किसानों से 31 हजार 489 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ में 4557 किसानों से 24 हजार 977 मीट्रिक टन गेहूं समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया गया है। इसी प्रकार बहोरीबंद तहसील में अब तक 4196 किसानों से 23 हजार 236 मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया गया है। जबकि स्लीमनाबाद तहसील में 3120 किसानों से 17 हजार 460 मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया गया है। बड़वारा तहसील में अब तक की स्थिति में 3749 किसानों से 14 हजार 252 मीट्रिक टन और रीठी तहसील में 3102 किसानों से 16 हजार 664 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। इसके अलावा कटनी नगर और कटनी ग्रामीण तहसील में 2895 किसानों से 15 हजार 429 मीट्रिक टन और बरही तहसील में 2800 किसानों से 14 हजार 26 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी गई है। कलेक्टर के निर्देश पर उपार्जन केंद्रों में गेहूं विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### एक नजर में

## जलाशयों में केज स्थापना के लिए मांगे गए आवेदन

**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश शासन की नई 'एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026' के अंतर्गत जिले में नीली क्रांति को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य विभाग, जिला पंचायत निकाय के अधीन चयनित जलाशयों में केज कल्चर और अन्य मत्स्य गतिविधियों के लिए निजी निवेशकों और उद्यमियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। जिले के 5 प्रमुख जलाशयों का चयन केज स्थापना के लिए किया है। जिनमें विकासखंड कटनी के अंतर्गत ठरका जलाशय, विकासखंड बहोरीबंद के अंतर्गत बहोरिबंद जलाशय, विकासखंड बड़वारा के अंतर्गत दतला जलाशय और विकासखंड ढीमरखेड़ा के अंतर्गत सागौना व अमेठा जलाशय शामिल है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालन क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देना और आधुनिक तकनीकों जैसे एक्वाकल्चर, एक्वापोनिक्स, और इंटीग्रेटेड फिश फार्मिंग को प्रोत्साहित करना है। सरकार द्वारा उद्यमियों को बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के माध्यम से फिश हेचरी, आईस प्लांट, कोल्ड स्टोरेज और फिश प्रोसेसिंग यूनिट के विकास में सहायता, बैंक ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## जेसीबी से कराई जा रही है नदी घाटों की सफाई

**जल गंगा अभियान के तहत कराया जा रहा कार्य**

**नवभारत,कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर के जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गाटर घाट क्षेत्र में नदी सफाई अभियान अनवरत रूप से जारी है। अभियान के तहत नदी में फैली जलकुंभी, प्लास्टिक अपशिष्ट और अन्य गंदगी को हटाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि नदी के जल प्रवाह को सुचारु बनाए रखने और जल



स्त्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा दो पोकलेन मशीन और ट्रैश क्लीनर मशीन की सहायता से विशेष सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। मशीनों के माध्यम गाटरघाट के पास की नदी की सफाई बाद मशीनों को अब रेलवे पुल के नीचे उतारकर नदी की सतह और किनारों पर जमी जलकुंभी और अपशिष्ट सामग्री को हटाया जा रहा है।

## स्कूल, कॉलेज और अस्पताल ने नहीं ली फायर एनओसी, लगेगा जुर्माना

**नगर निगम ने नोटिस के बाद लगाया दस लाख का जुर्माना**

**नवभारत,कटनी।** नगर निगम ने शहर के 15 स्कूल और कॉलेजों सहित एक अस्पताल को नियमों की अनदेखी करने, फायर एनओसी नहीं लेने पर लगभग 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जेपीवी-डीएवी स्कूल में हुए हादसे के बाद प्रशासन अब सुरक्षा के मामले में सतर्क नजर आ रहा है। नगर निगम ने जांच में पता चला है कि शहर के 14 स्कूलों और एक बड़े अस्पताल ने अग्नि सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया है। बार-बार नोटिस देने के




बाद भी इन संस्थानों ने न तो फायर ऑडिट कराया और न ही जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए। इसी लापरवाही की वजह से हर संस्था पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया गया है, जो कुल मिलाकर 9 लाख 97 हजार 500 रुपए हो चुका है। प्रशासन ने सभी दोषी संस्थानों को 7 दिन का आखिरी समय दिया है। इस दौरान उन्हें न केवल जुर्माने की राशि जमा करनी होगी, बल्कि ई-नगरपालिका पोर्टल पर फायर प्लान की मंजूरी के लिए ऑनलाइन आवेदन भी करना होगा। निगम ने साफ चेतावनी दी है कि अगर तय समय में काम नहीं हुआ, तो बिना किसी रियायत के बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा। इसकी वजह से पढ़ाई या मरीजों को होने वाली परेशानी की पूरी जिम्मेदारी स्कूल और अस्पताल प्रबंधन की होगी। जिन संस्थानों कार्रवाई की जाएगी, उसमें सरकारी तिलक कॉलेज, सरकारी कन्या कॉलेज, कटनी डिग्री कॉलेज, बारडोली कॉलेज, बार्डस्ले सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लाइम सिटी इंटरनेशनल स्कूल, नालंदा पब्लिक स्कूल, सीक्रेट हार्ट स्कूल, विष्णु वेद सरस्वती स्कूल, किड्स केयर स्कूल, अनामिका एकेडमी स्कूल, डायमंड इंग्लिश मीडियम स्कूल, कुंदन दास हायर सेकेण्डरी स्कूल, लाला मथुरा दास शिक्षा समिति, बाबा माधव शाह अस्पताल का नाम शामिल है।

## ग्रामीण क्षेत्र के रिहायशी घर में घुसे तीन कबर बिज्जू, मचा हड़कंप

**बड़वारा वन परिक्षेत्र के सकरी गांव में फैली सनसनी**

**नवभारत, कटनी।**जिले के बरही-बड़वारा वन परिक्षेत्र के सकरी गांव के रिहायशी मकान में तीन कबर बिज्जू घुस गए। जिससे घर में मौजूद परिवार के सदस्यों में हड़कंप मच गया और परिजनों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों कबर बिज्जू का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार सकरी गांव के एक ग्रामीण के घर में अचानक हलचल महसूस हुई। घर के सदस्यों ने देखा तो कोने में तीन



कबर बिज्जू बैठे हुए थे। कबर बिज्जू अपने आक्रामक स्वभाव और तीखे दांतों-नाखूनों के लिए जाने जाते हैं, जिसके कारण घर के लोग तत्काल डर गए और शोर मचाते हुए बाहर भागे। जल्द ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल बरही वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी के निर्देश पर रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों और पिंजरों के साथ मौके पर पहुंची। कबर बिज्जू हमलावर प्रवृत्ति के होते हैं, इसलिए उन्हें पकड़ना वन कर्मियों के लिए चुनौतीपूर्ण था। घर के भीतर संकरे स्थान होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी परेशानी हुई, हालांकि काफ मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने तीनों वन्य प्राणियों को पकड़ लिया। रेस्क्यू किए गए तीनों कबर बिज्जू को घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

वन विभाग के रेस्क्यू के बाद से परिवार सहित ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रेस्क्यू किए गए तीनों कबर बिज्जू पूरी तरह स्वस्थ हैं। पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। गर्मी के मौसम में जंगली जीव पानी की तलाश में लगातार आबादी क्षेत्र में आ रहे हैं।

## विस्फोटक मैगजीन और पटाखा फैक्ट्रियों की जांच शुरू



**कलेक्टर के निर्देश पर सक्रिय हुई जिला प्रशासन की टीम**

**नवभारत, कटनी।** जिले में नागरिक सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में संचालित पटाखा फैक्ट्रियों, विस्फोटक भंडारण मैगजीनों एवं अमोनियम नाइट्रेट फैक्ट्रियों व स्टोर हाउसों की व्यापक जांच और भौतिक सत्यापन अभियान चलाया गया। अनुविभाग, तहसीलऔर थाना स्तर पर गठित संयुक्त जांच दलों ने विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों, लाइसेंस शर्तों और विस्फोटक अधिनियमों के पालन की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि विस्फोटक पदार्थों के निर्माण, भंडारण और उपयोग में शासन द्वारा निर्धारित नियमों, सुरक्षा मानकों और विस्फोटक अधिनियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, नियम उल्लंघन या सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित इकाइयों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बीते 7 अप्रैल ऐहतियातन एक आदेश जारी कर गठित जांच दलों को प्रत्येक लाइसेंसधारी इकाई का भौतिक सत्यापन और निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जांच दलों ने लाइसेंसधारियों के नाम, लाइसेंस जारी करने वाली संस्था, लाइसेंस की वैधता अवधि और शर्तों के अनुपालन की जांच की। इसके साथ ही विस्फोटक पदार्थों के निर्माण और भंडारण स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और मानकों को भी देखा गया। अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा संधारित अभिलेखों के अनुसार विस्फोटक सामग्री के क्रय-विक्रय और भंडारण का भी सत्यापन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि नागरिक सुरक्षा सर्वोपरि और सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सुरक्षा मानकों और नियमों की अवहेलना और लापरवाही करने वालों के विरुद्ध जांच प्रतिवेदन के आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त जांच दलों ने लाइसेंसधारियों के नाम, लाइसेंस जारी करने वाली संस्था, लाइसेंस की वैधता, निर्धारित शर्तों के अनुपालन और उल्लंघन की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया। इसके साथ ही विस्फोटक पदार्थों के निर्माण और भंडारण के लिए चिन्हित परिसरों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा संधारित अभिलेखों के अनुसार विस्फोटक सामग्री के क्रय-विक्रय, भंडारण का भौतिक सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने फैक्ट्रियों स्टोर हाउसों में अग्निशमन की जांच की गई है।

## 287 करोड़ की लागत से बनेंगी सड़क और पुल

**निर्माण होने से बदलेगी जिले की यातायात की सूरत**

**नवभारत, कटनी।** लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर और सड़क संभाग कटनी द्वारा 287.72 करोड़ रूपए की लागत से 4 पुलों और 25 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले में नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। लोकनिर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर द्वारा कटनी में 139 करोड़ 77 लाख रूपये की लागत से कुल 4 महत्वपूर्ण पुलों की सौगात दी जा रही है। विभाग द्वारा आदर्श कॉलोनी से मुक्तिधाम मार्ग में कटनी नदी पर 8.52 करोड़ की लागत से 60 मीटर लंबे जलमग्नीय पुल का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार 3 बड़े रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भी प्रगतिरत है।

इसमें जबलपुर- कटनी सेक्शन के रेल्वे किमी 1078/5-6 में 51 करोड़ 50 लाख की लागत से 650 मीटर लंबा आरओबी, बीना-कटनी सेक्शन के रेल्वे किमी 1210/0-1 में 38.93 करोड़ की लागत से 687.54 मीटर लंबा आरओबी और इटारसी-मानिकपुर सेक्शन के रेलवे किमी 1047/9-10 में 40.18 करोड़ रूपए की लागत से 692.78 मीटर लंबा आरओबी शामिल है लोक निर्माण विभाग सड़क संभाग कटनी के अंतर्गत 147 करोड़ 95 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्य संचालित हैं। जिसमें 11 कार्य पूरे हो गए हैं, जबकि शेष पर काम जारी है। इन सड़कों की लंबाई 134.31 किलोमीटर है। विभाग अब तक इन कार्यों पर 110.61 करोड़ रूपए व्यय किए गए हैं। विशेष योजना के तहत 37.98 किमी लंबी सड़क के लिए 10 करोड़ 70 लाख रूपये का प्रस्ताव तैयार है, जिसकी निविदा वर्तमान में वरिष्ठ कार्यालय में विचाराधीन है।

## कटनी-बीना रेलखंड में बकलेहटा के पास ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

**नवभारत, रीठी।** जिले के कटनी-बीना रेलखंड पर सोमवार को एक दर्दनाक रेल हादसा सामने आया, जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना केना और बकलेहटा रेलवे स्टेशन के बीच खंभा नंबर 1198/15/17 के पास की बताई जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राहुल पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कैना थाना रीठी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक किसी कारणवश रेलवे ट्रैक के पास मौजूद था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्यवाही शुरू की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

अभियान | नगर निगम द्वारा शहर के कई स्थानों पर चलाया गया साफ-सफाई अभियान, नगर निगम की टीम ले रही शहरवासियों से फीडबैक

## शहर में जलभराव रोकने नगर निगम का सफाई अभियान जारी, साफ कराए जा रहे नगर के नाले-नाली

**नवभारत,कटनी।** आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में जलभराव की समस्या के प्रभावी निराकरण और सुगम जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर नाले-नालियों की सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार मैदानी स्तर पर कार्य करते हुए जल निकासी तंत्र को मजबूत बनाया जा रहा है, जिससे बारिश के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 2 पार्षद निवास गली, वार्ड क्रमांक 5 मुक्तिधाम मार्ग, वार्ड क्रमांक 6 बावली टोला क्षेत्र



में नाला सफाई कार्य कराया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 12 में रेलवे लाइन किनारे सुलभ के आगे स्थित कच्चे नाले की सफाई कर जल प्रवाह को सुचारू बनाया गया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 23 घंटाघर से गर्ग चौराहा मार्ग, वार्ड क्रमांक 26 के विभिन्न स्थलों, वार्ड क्रमांक 28 हाउसिंग बोर्ड एवं बरगवा सुलभ के पास मेन रोड स्थित नालों की सफाई कर अवरोध हटाए गए। वार्ड क्रमांक 29 में शर्मा ट्रांसपोर्ट के पास स्थित नाले की सफाई के साथ ही वार्ड क्रमांक 31 रामनिवास सिंह वार्ड में विनोद तोमर के घर के समीप जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। जबकि वार्ड क्रमांक 32 में प्रभा मैडम के पास से रिंकू जनरल स्टोर लखेरा रोड, डॉ डी शंकर के पीछे, विवेकानंद चौक के पीछे श्रीवास्तव और अज्जू पटेल के सामने स्थित नालियों की सफाई कर जल निकासी को बेहतर बनाया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 33 में रोड बीट अनुसार खेर माता से भूरेलाल सेन और काली माई मंदिर तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 34 मंगल नगर पुलिया नाला, वार्ड क्रमांक 38 एसीसी मेन रोड एवं बरगवा एलआईसी ऑफिस के पास, वार्ड क्रमांक 39 झूलेलाल मंदिर के सामने और वार्ड क्रमांक 44 राज विहार हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के नालों की सफाई कर वर्षा जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। नगर निगम द्वारा बताया गया कि शहर के सभी संवेदनशील और जलभराव संभावित क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से सफाई कार्य लगातार जारी रहेगा। निगम प्रशासन का उद्देश्य वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ, सुगम वातावरण उपलब्ध कराना है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगरीय क्षेत्र के निवासियों से स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण एप के माध्यम से सकारात्मक फीडबैक देकर शहर को अव्वल स्थान दिलाने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करने के लिए कहा है। महापौर ने कहा कि नगर निगम की टीम द्वारा शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नागरिकों से फीडबैक लेने का कार्य प्रारंभ हो गया है और जल्दी ही स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम भी आने वाली है। शहर के प्रत्येक नागरिक से स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए शहर को साफ-सुथरा रखें।

## बगैर अनुमति कराया नलकूप खनन पटवारी की शिकायत पर मामला दर्ज

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर नवीन नलकूप खनन पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन कर नियम विरूद्ध नलकूप खनन के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दियागढ़ में बिना अनुमति के शासकीय भूमि में अवैध रूप से नलकूप खनन करने के मामले में ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में राकेश गौड़ के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। ढ़ीमरखेड़ा तहसील में पदस्थ हल्का नंबर 31 झिन्ना पिपरिया के पटवारी अमित कुमार पटैल को सूचना मिली थी कि गांव में अवैध बोरिंग कराई गई है। इसके बाद जब पटवारी ने खसरा नंबर 98, रकवा 1.78 हेक्टेयर स्थित शासकीय भूमि का मौका मुआयना किया, तो वहां नलकूप खनन की पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी राकेश गौड़ ने 15 मई की रात करीब 1 बजे गुपचुप तरीके से बिना अनुमति प्राप्त किए अवैध बोरिंग करा लिया है। पटवारी ने मौके पर गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर इसकी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी। गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा 25 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत पूरे कटनी जिले को 1 अप्रैल से 30 जून 2026 तक पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इस अवधि में बिना सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार के नए निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध है।